प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

..................

- दिल्ली बम विस्फोट को देखते हुए प्रदेश में भी सघन तलाशी अभियान–सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बढाई।
- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा–भारत और सऊदी अरब के बीच सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए साझा प्रयास किये जायेंगे।
- प्रदेश में एसआईआर प्रकिया के तहत गणना फॉर्म वितरण का आंकडा साढे तीन करोड के पार।
- प्रदेश में कई स्थानों पर सर्द हवाओं का असर–टोंक और सीकर में शीतलहर के आसार।

..................

दिल्ली–एनसीआर और पुलवामा में कई जगहों पर की गई छापेमारी में सुरक्षा एजेंसियों ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। 9 और 10 नवंबर को हरियाणा के फरीदाबाद में की गई छापेमारी के दौरान, एजेंसियों ने लगभग तीन हज़ार किलोग्राम विस्फोटक के साथ डेटोनेटर, टाइमर और बम बनाने की अन्य सामग्री ज़ब्त की। सूत्रों ने बताया कि बढ़ते दबाव के कारण ही संदिग्ध ने दिल्ली बम कांड में यह कदम उठाया। यह विस्फोट सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए की गई छापेमारी के कारण फैली घबराहट में हुआ। बम समय से पहले ही फट गया और पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ था, इसलिए असर सीमित रहा। फरीदाबाद पुलिस कमीश्नर सत्येन्द्र कुमार गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि ये हथियार पाकिस्तान से ड्रॉन के जरिये हनुमानगढ़ तक पंहुचाये गये थे। वहीं से इनकी आगे सप्लाई की गई थी। दिल्ली बम विस्फोट को देखते हुए प्रदेश में भी सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बढा दी गई है।

..................

भारत और सऊदीअरब के बीच सांस्कृतिक रिश्तो को मजबूत करने के लिए एक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर सऊदी अरब में हस्ताक्षर किये गये। इससे दोनो देशों के बीच कला संस्कृति से जुडे आयोजनों में भागीदारी बढाने और सांस्कृतिक विरासत से जुडे आदान प्रदान को प्रोत्साहित किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ये एमओयू हमारी साझी विरासत को सशक्त करेगा। इसके साथ ही पर्यटन को भी बढावा देगा।

.....

..................

बारां जिले के अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए 80 दशमलव 32 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि अंता में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। कडी सुरक्षा के बीच भयमुक्त वातावरण में लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोटो की गिनती 14 नवम्बर को बारां के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होगी। इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये जा रहे है। पूरा कॉलेज परिसर सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। अंता सीट को त्रिकोणीय संघर्ष वाली माना जा रहा है। कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा के मोरपाल सुमन, कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया और निर्दलीय नरेश मीणा के बीच है।

..................

राजस्थान हाईकोर्ट ने आरजेएस परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा रजिस्ट्रार की ओर से जारी सिविल न्यायाधीश संवर्ग सीधी भर्ती परिणाम में श्रेणीवार कटऑफ अंक भी घोषित किये गये है। 11–12 अक्टूबर को जोधपुर और जयपुर में ये परीक्षा आयोजित की गई थी।

..................

प्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा की डेढ सौ वी जयंती के उपलक्ष्य में आज स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सा शिविर लगाये जा रहे है। इन ब्लॉक स्तरीय शिविरों में निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इसी कडी में पाली सीएमएचओ ने बताया कि जिले के देसूरी, सुमेरपुर, रानी, सोजत और रोहट सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाये गये है। वहीं हनुमानगढ़ में भी इन चिकित्सा शिविरों में स्वास्थ्य जांच के साथ ही बच्चों के टीकाकरण सहित अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवायी जा रही है। सवाईमाधोपुर में इन चिकित्सा शिविरों में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत संभावित लक्षण वाले रोगियों की भी जांच की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जनजातिय गौरव पखवाडे के तहत कई अन्य गतिविधियां भी हो रही है।

.....

..................

भरतपुर के महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के निलंबित कुलगुरू प्रो. रमेश चन्द्रा को पद से हटा दिया गया है। राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कल इस बारे में आदेश जारी किये। इसके अनुसार प्रोफेसर चन्द्रा के खिलाफ पद का दुरूपयोग करने और विश्वविद्यालय को वित्तीय हानि पंहुचाने के आरोप प्रमाणित पाये गये है।

000

प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया की शुरूआत के बाद से अब तक गणना फॉर्म वितरण का आंकडा साढे तीन करोड के पार पंहुच गया है। राज्य के 64 प्रतिशत मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पंहुचाये जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रकिया में पिछले आठ दिनों में 85 प्रतिशत वितरण के साथ झालावाड अग्रणी जिला बना हुआ है। चित्तौडगढ, राजसमंद और उदयपुर में भी 75 प्रतिशत से अधिक वितरण किया जा चुका है।

..................

राज्य में सड़क सुरक्षा के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में परिवहन विभाग ने करीब साढे बारह हजार वाहनों का चालान किया है। इनमें ओवर लोडिंग करने वाले मालवाहक वाहन शामिल है। उधर पुलिस ने लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले दो हजार से ज्यादा लोगों पर कार्रवाई की। इनमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले और तेज रफ्तार से ड्राइविंग करने वाले चालक शामिल है। 4 नवम्बर से शुरू हुए इस अभियान के तहत करीब 3 लाख लोगों को यातायात नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया।

..................

राजस्थान पुलिस की साईबर काइम शाखा ने आमलोगों को एक गंभीर धोखाधडी के प्रति सचेत किया है। इसके लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है। इसमें बताया गया है कि हाल ही में अपराधियों ने ठगी के लिए नया तरीका अपनाया है। वे लोगों को कॉल कर खुद को बडा पुलिस अधिकारी बताते हुए धमका रहे हैं और हाल ही में हुए कार ब्लास्ट की घटना में शामिल होने की बात करते है। संदिग्ध कॉल की शिकायत अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या साईबर हैल्प डेस्क 112 पर करे। पुलिस उप महानिरीक्षक साईबर काइम विकास शर्मा ने आमजन को सलाह दी है कि वो इस तरह का कॉल आने पर बिल्कुल नहीं घबराये और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी खाते संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करें।

..................

प्रदेश में कई स्थानों पर सर्द हवाओं का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार कल 9 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। वहीं 6 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस के साथ सीकर का फतेहपुर सबसे सर्द रहा। सिरोही, नागौर, चूरू, बारां, पिलानी और लूणकरणसर में भी ठंडी हवाओं ने लोगों को परेशान किया। इस बीच भरतपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ सहित कई जगह कोहरे का असर भी बना हुआ है। चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि इस बार ठण्ड ने जल्दी दस्तक दे दी है।

.....

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज से टोंक में दो दिन और सीकर में अगले पांच दिन शीतलहर चलने के आसार है।

..................